भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं.- 36*

03 **फरवरी**, 2023 **को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

आयुष चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल

***36. श्री एम. बदरूद्दीन अजमल:**

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को असम के धुबरी जिले में चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल की स्थापना के लिए कोई अनुरोध/प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उस क्षेत्र के लोगों की इस बहुत पुरानी मांग पर सकारात्मक रूप से विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में की गई/की जाने वाली पहल का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 03 फरवरी, 2023 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 36* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए असम के धुबरी जिले में आयुष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अलावा, सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है और 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। राज्य सरकार एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से इसे प्रस्तुत करके पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। इसके अलावा, एसएएपी के माध्यम से असम के धुबरी जिले में आयुष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना के लिए ऐसा कोई अनुरोध/प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

हालांकि, राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से असम राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2022-23 के दौरान असम के दुधनोई में एक नए शिक्षा संस्थान की स्थापना के लिए 8 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, असम सरकार ने बजट भाषण 2022-23 में प्रमुख योजना "सु-स्वास्थ्य समृद्धि" के तहत पलासबाड़ी में एक और आयुर्वेद कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की है।

इसके अलावा यह भी सूचित किया जाता है कि वर्तमान में असम में 01 सरकारी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज और 03 सरकारी होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज कार्यरत हैं।

*****